भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:01:2026, दिनांक Dated 23.01.2026**

**(ऑनलाइन पंजीयन, आवदेन प्रस्तुत करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 23.01.2026 के 1000 बजे से 12.02.2026 के 1700 बजे तक खुला रहेगा)**

**(Online recruitment portal will be open from 1000 hours on 23.01.2026 to 1700 hours of 12.02.2026 for online registration, submission of application and payment of application fees)**

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक),** अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.), भारत सरकार का एक अग्रणी केंद्र है। सैक, इसरो के संचार, नौवहन, सुदूर संवेदन एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षीय उपकरणों के डिजाइन तथा विकास एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रचालन का कार्य करता है।
**Space Applications Centre (SAC)**, Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS), Government of India. SAC focuses on the design and development of space borne instruments for communication, navigation, remote sensing and planetary missions of ISRO and operationalization of space technology for various applications related to national development.

**A. अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) वेतन मैट्रिक्स स्तर-11 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी' की निम्नलिखित रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसके विवरण निम्नानुसार हैं:**
**Space Applications Centre (SAC) invites online applications for the following vacancies of Scientist/ Engineer 'SD' in Level -11 of Pay Matrix as detailed below:**

| समूह 'ए' पद GROUP 'A' posts | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वैज्ञानिक/ अभियंता-एसडी SCIENTIST/ENGINEER-SD** | | | | |
| **पद कोड Post Code** | **कार्यक्षेत्र Discipline** | **रिक्तियों की संख्या No. of vacancies** | **अर्हता ब्यौरा Qualification details** | |
| | | | **अनिवार्य अर्हता Essential qualification** | **पूर्व-आवश्यकताएं Pre-requisite/s** |
| 01 | आरएफ और सूक्ष्मतरंग RF and Microwave | 02 (अना. UR) | आरएफ तथा सूक्ष्मतरंग अभियांत्रिकी से संबंधित क्षेत्रों में पीएचडी PhD in fields related to RF and Microwave Engineering | (a) कुल न्यूनतम 60% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ एम.ई./एम.टेक./एम.एससी. (इंजी.)/ एमएस/एम.एससी. या समकक्ष M.E./M.Tech/MSc (Engg)/MS/ MSc or equivalent with an aggregate minimum of 60 % marks (average of all semesters) or CGPA 6.5 on a 10 point scale<br>**और/या AND/OR**<br>(b) कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 सीजीपीए के साथ बी.ई/ बी.टेक/बी.एससी. (इंजी.) या समकक्ष अर्हता B.E./B.Tech/B.Sc. (Engg) or equivalent qualification with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale<br>**और/या AND/OR**<br>(c) 60% अंकों या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ बी.एससी. BSc with 60% marks or CGPA of 6.5 on a 10 point scale. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 02 | वायरलेस संचार/ उपग्रह संचार/ डिजिटल संचार<br>Wireless Communication/ Satellite Communication/ Digital Communication | 01<br>(अना. UR) | इलेक्ट्रानिकी एवं संचार/ वायरलेस संचार/ उपग्रह संचार/ डिजिटल संचार से संबंधित क्षेत्रों में पीएचडी<br>PhD in fields related to Electronics and Communication/ Wireless Communication/ Satellite Communication/ Digital Communication | (a) कुल न्यूनतम 60% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ एम.ई./एम.टेक./एम.एससी.(इंजी.)/ एमएस/एम.एससी. या समकक्ष M.E./M.Tech/MSc (Engg)/MS/ MSc or equivalent with an aggregate minimum of 60 % marks (average of all semesters) or CGPA 6.5 on a 10 point scale.<br>**और/या AND/OR**<br>(b) कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 सीजीपीए के साथ बी.ई/ बी.टेक/बी.एससी. (इंजी.) या समकक्ष B.E./B.Tech/B.Sc. (Engg) or equivalent qualification with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br>**और/या AND/OR**<br>(c) 60% अंकों या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ बी.एससी.<br>BSc with 60% marks or CGPA of 6.5 on a 10 point scale. |
| 03 | कृषि भौतिकी /कृषि मौसमविज्ञान<br>Agricultural Physics/ Agricultural Meteorology | 01<br>(अना. UR) | कृषि भौतिकी/कृषि मौसमविज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में पीएचडी<br>PhD in Agricultural Physics/ Agricultural Meteorology or related fields | (a) कुल न्यूनतम 60% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ एम.एससी./एम.एस./एम.ई./एम.टेक. एम.एससी (इंजी.) या समकक्ष MSc/MS/M.E./M.Tech/MSc (Engg) or equivalent with an aggregate minimum of 60 % marks (average of all semesters) or CGPA 6.5 on a 10 point scale<br>**और/या AND/OR**<br>(b) कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 सीजीपीए के साथ बी.एससी./बी.ई/ बी.टेक/बी.एससी. (इंजी.) या समकक्ष B.Sc./B.E./B.Tech/B.Sc. (Engg) or equivalent qualification with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br>**और/या AND/OR**<br>(c) 60% अंकों या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए के साथ बी.एससी.<br>BSc with 60% marks or CGPA of 6.5 on a 10 point scale. |

**वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर : स्तर 11 (₹67,100–₹2,08,700)**
**PAY & LEVEL IN THE PAY MATRIX: LEVEL 11 (₹67,100–₹2,08,700)**

इसके अतिरिक्त उपरोक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/एकीकृत पेंशन प्रणाली से अधिशासित होंगे। इसके अलावा अं.वि./केंद्र सरकार के आदेशानुसार, स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, क्वार्टरों की सुविधा (म.कि.भ. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम इत्यादि स्वीकार्य होंगे।

In addition, Dearness Allowances (DA), House Rent Allowances (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System/Unified Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per DOS/Central Government orders.

## आयु सीमा AGE LIMIT

12.02.2026 को 18 – 35 वर्ष /18 – 35 years as on 12.02.2026

केंद्र सरकार के सेवारत कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) और भूतपूर्व सैनिक आदि भारत सरकार के मौजूदा नियमों/आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट के पात्र हैं।

Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities (PwBDs) and Ex-Serviceman etc. are eligible for upper age relaxation as per extant Govt. of India rules/orders.

## आवेदन कैसे करें HOW TO APPLY

आवेदन मात्र **इसरो लाइव पंजीकरण पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। अत:, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **12.02.2026 (1700 घंटे) तक या उससे पहले** इसरो के लाइव पंजीयन पोर्टल https://www.isro.gov.in (केरियर टेब में) पर पंजीयन करें या अपना पंजीयन अद्यतन करें।

Applications will be received on-line through **ISRO Live Register portal** only. Accordingly, candidates are advised to either register or update their registrations in the Live Register portal of ISRO https://www.isro.gov.in (under career tab) **on or before 12.02.2026 (1700 hours).**

## आवेदन शुल्क का भुगतान PAYMENT OF APPLICATION FEE:

वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी' (पद कोड 01-03) के लिए कोई **आवेदन शुल्क नहीं** है।

There is **no application fee** for the post of Scientist/Engineer 'SD' (Post Code 01-03)

## कार्य की अपेक्षाएं JOB REQUIREMENT

| पद कोड Post Code | विवरण Description |
|---|---|
| 01 | ➢ भू-प्रेक्षण/अंतरग्रहीय/खगोलीय मिशनों के लिए मौजूदा/भविष्य के अंतरिक्षीय नीतभार हेतु मि.मि./सब-मि.मि.तरंग प्रणाली का डिज़ाइन, विकास और परीक्षण<br>Design development and testing of mm/sub-mm wave systems for current/future space borne payloads for earth observation/inter-planetary/astronomical missions.<br>➢ सूक्ष्मतरंग संवेदकों और संचार नीतभारों के लिए पुनर्विन्यास योग्य मेटा सतह ऐंटेना, प्लाज़्मा ऐंटेना और शेप बीम ऐंटेना जैसी उन्नत ऐंटेना प्रणालियों का डिजाइन एवं विकास<br>Design and development of advance antenna systems like reconfigurable meta surface antennas, plasma antennas and shaped beam antennas for microwave sensors and communication payloads |
| 02 | ➢ संचार प्रणाली की गणितीय मॉडलिंग (वायरलेस/ सैटेलाइट/डिजिटल )<br>Mathematical modeling of communication systems (wireless/satellite/ digital)<br>➢ आने वाले वायरलेस संचार मानक (6G) के लिए सैटेलाइट और स्थलीय संचार प्रणाली के एकीकरण हेतु आर्किटेक्चर का विकास<br>Development of architecture for integration of satellite & terrestrial communication systems for upcoming wireless communication standards (6G)<br>➢ वायरलेस, सैटेलाइट और डिजिटल संचार एवं सिग्नल प्रोसेसिंग से जुड़ी गतिविधियों के लिए एल्गोरिदम और प्रोटोकॉल का विकास<br>Algorithm and protocol development for wireless, satellite and digital communication and signal processing related activities |
| 03 | ➢ कृषि अनुप्रयोग के लिए अनुसंधान एवं उन्नत तकनीक विकास, फसल जैव-भौतिकीय एवं जैव-रासायनिक प्राचलों की पुनर्प्राप्ति तथा प्रकाशीय एवं तापीय अवरक्त संवेदन का प्रयोग कर प्रक्रिया प्राचलों की मॉडलिंग<br>Research and advance technique development for agriculture applications, retrieval of crop biophysical and bio-chemical variables and modelling of process variables using optical and thermal infrared sensing. |

**उपरोक्त कार्य की अपेक्षाएं केवल कार्य की एक रूपरेखा है, न कि संपूर्ण विवरण।**
**The Job Requirement provided above is just an outline of the work and is not exhaustive.**

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS

**इसरो लाइव पंजीकरण पोर्टल** पर किए गए ऑनलाइन आवेदन के आधार पर, साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु शुरुआती स्क्रीनिंग की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि बताई गई अर्हता न्यूनतम आवश्यकताएं हैं और इससे अभ्यर्थी अपनेआप साक्षात्कार/चयन के लिए अर्ह नहीं हो जाते। अंतिम चयन केवल साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के निष्पादन के आधार पर होगा।

Based on the online application made in **ISRO Live Register portal**, initial screening will be conducted for shortlisting the candidates for interview. Please note that the qualification prescribed is the minimum requirement and the same does not automatically make candidates eligible for interview / selection. The final selection will be based on performance of candidates in the interview only.

**B. अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' की निम्नलिखित रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसके विवरण निम्नानुसार हैं:**
**Space Applications Centre (SAC) invites online applications for the following vacancies of Scientist/ Engineer 'SC' in Level -10 of Pay Matrix, as detailed below:**

| समूह 'ए' पद GROUP 'A' posts | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक/ अभियंता-एससी SCIENTIST/ENGINEER-SC | | | | |
| पद कोड Post Code | कार्यक्षेत्र Domain | रिक्तियों की संख्या No. of vacancies | अर्हता ब्यौरा Qualification details | |
| | | | अनिवार्य अर्हता Essential qualification | पूर्व-आवश्यकताएं Pre-requisite/s |
| 04 | इलेक्ट्रानिकी और संचार Electronics and Communication | 03 (अना. UR) **[जिसमें से 01 रिक्ति वीएसएससी में भरी जाने हेतु चिह्नित है Out of which 01 vacancy is identified to be filled up at VSSC]** | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ आरएफ अभियांत्रिकी/ सूक्ष्मतरंग अभियांत्रिकी/ रडार अभियांत्रिकी/ इलेक्ट्रानिकी/ इलेक्ट्रानिकी और संचार/ इलेक्ट्रानिकी और वैद्युत अभियांत्रिकी या उल्लिखित विषय के समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ एम.ई./एम.टेक M.E./M.Tech. having specialization in RF Engineering / Microwave Engineering/ Radar Engineering or Electronics /Electronics & Communication/ Electronics & Electrical Engineering or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ इलेक्ट्रानिकी/इलेक्ट्रानिकी और संचार/इलेक्ट्रानिकी और वैद्युत अभियांत्रिकी/ इलेक्ट्रानिकी और यंत्रीकरण/ वैद्युत अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./ बी.टेक. B.E/ B.Tech in Electronics / Electronics & Communication / Electronics & Electrical Engineering/ Electronics and Instrumentation/Electrical Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 05 | इलेक्ट्रानिकी और संचार Electronics and Communication | 10 (अना. UR) **[जिसमें से 03 रिक्तियां वीएसएससी में भरी जाने हेतु चिह्नित हैं Out of which 03 vacancies are identified to be filled up at VSSC]** | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ माइक्रोइलेक्ट्रानिकी/ वीएलएसआई डिजाइन/अंतःस्थापित प्रणालियां/ वीएलएसआई और अंतःस्थापित प्रणालियां/ समाकलित सर्किट और प्रणालियां/ अर्धचालक प्रौद्योगिकी या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एमटेक M.E./M.Tech. in Microelectronics/ VLSI Design/ Embedded System / VLSI and Embedded Systems/ Integrated Circuits and Systems /Semiconductor Technologies or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 65% मार्क्स (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ इलेक्ट्रानिकी/इलेक्ट्रानिकी और संचार/इलेक्ट्रानिकी और वैद्युत अभियांत्रिकी/ वैद्युत अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./ बी.टेक B.E/ B.Tech in Electronics / Electronics & Communication / Electronics & Electrical Engineering/Electrical Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 06 | इलेक्ट्रानिकी और संचार Electronics and Communication | 01 (अना. UR) | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ वायरलेस संचार/ उपग्रह संचार/ डिजिटल संचार या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एम.टेक. M.E. / M.Tech. in Wireless Communication/ Satellite Communication/ Digital Communication or equivalent in | कुल न्यूनतम 65% मार्क्स (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ इलेक्ट्रानिकी/इलेक्ट्रानिकी और संचार/इलेक्ट्रानिकी और वैद्युत अभियांत्रिकी/ वैद्युत अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./ बी.टेक. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | B.E./B.Tech. in Electronics / Electronics & Communication/ Electronics & Electrical Engineering/ Electrical Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 07 | कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी<br>Computer Science Engineering | 07<br>(अना. UR) | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर साइंस और अभियांत्रिकी/ कंप्यूटर अभियांत्रिकी / सूचना प्रौद्योगिकी/ एआई और एमएल/ कंप्यूटर विजन/ डेटा साइंस/ साइबर सुरक्षा या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एम.टेक.<br>M.E. / M.Tech. in Computer Science & Engineering / Computer Engineering/ Information Technology /AI & ML/ Computer Vision/ Data Science/ Cyber Security or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर साइंस और अभियांत्रिकी / कंप्यूटर अभियांत्रिकी / सूचना प्रौद्योगिकी/ सूचना और संचार प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रानिकी और कंप्यूटर अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./ बी.टेक.<br>B.E./B.Tech. in Computer Science & Engineering / Computer Engineering/ Information Technology / Information & Communication Technology/ Electronics & Computer Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 08 | कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी<br>Computer Science Engineering | 01 (अना. UR) **[यह रिक्ति एनईसैक- अं.वि. के अंतर्गत स्वायत्त निकाय में भरे जाने हेतु चिह्नित है This vacancy is identified to be filled up at NESAC- Autonomous body under DOS]** | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एम.टेक.<br>M.E./ M.Tech in Computer Science/ Information Technology/ Artificial Intelligence & Machine Learning or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष में बी.ई./बी.टेक.<br>B.E./ B.Tech in Computer Science/Information Technology or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI Grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 09 | शक्ति इलेक्ट्रानिकी<br>Power Electronics | 04<br>(अना. UR) | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ शक्ति इलेक्ट्रानिकी/ शक्ति प्रणाली अभियांत्रिकी/ शक्ति इलेक्ट्रानिकी एवं ड्राइव/ शक्ति नियंत्रण एवं ड्राइव/ शक्ति एवं औद्योगिक ड्राइव / इलेक्ट्रानिकी एवं संचार अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रानिकी एवं वैद्युत अभियांत्रिकी / यंत्रीकरण एवं नियंत्रण/ वैद्युत अभियांत्रिकी या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एम.टेक. | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ शक्ति इलेक्ट्रानिकी/ शक्ति प्रणाली अभियांत्रिकी/ शक्ति इलेक्ट्रानिकी एवं ड्राइव/शक्ति नियंत्रण एवं ड्राइव/ शक्ति एवं औद्योगिक ड्राइव/ इलेक्ट्रानिकी एंड संचार अभियांत्रिकी/इलेक्ट्रानिकी एवं वैद्युत अभियांत्रिकी/यंत्रीकरण |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | M.E. / M.Tech. in Power Electronics / Power System Engineering/ Power Electronics & Drives/ Power Control & Drives/ Power & Industrial Drives/ Electronics & Communication Engineering/ Electronics and Electrical Engineering/ Instrumentation & Control/ Electrical Engineering or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | एवं नियंत्रण/वैद्युत अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./बी.टेक.<br>B.E./B.Tech. in Power Electronics / Power System Engineering/ Power Electronics & Drives/ Power Control & Drives/ Power & Industrial Drives/ Electronics & Communication Engineering/ Electronics and Electrical Engineering/ Instrumentation & Control/ Electrical Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 10 | अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी/ प्रकाशिक अभियांत्रिकी/ प्रकाशिकी एंड फोटोनिक्स/ प्रकाशिकी एवं प्रकाशीय-इलेक्ट्रानिकी<br>Applied Optics/Optical Engineering/ Optics & Photonics/ Optics & Opto-electronics | 01<br>(अना. UR) | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी/ प्रकाशिक अभियांत्रिकी / प्रकाशिकी एंड फोटोनिक्स/ प्रकाशिकी एंड ओप्टो-इलेक्ट्रानिकी या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./एम.टेक.<br>M.E. / M.Tech. in Applied Optics/Optical Engineering /Optics & Photonics/ Optics and Optoelectronics or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी/ प्रकाशिकी एंड ऑप्टोइलेक्ट्रानिकी/ प्रकाशिक अभियांत्रिकी / प्रकाशिकी एंड फोटोनिक्स अभियांत्रिकी / अभियांत्रिकी भौतिकी या समकक्ष में बी.ई./बी.टेक. या एमएससी (भौतिकी)<br>B.E./B.Tech. in Applied Optics/ Optics and Optoelectronics /Optical Engineering/Optics & Photonics Engineering/ Engineering Physics or equivalent/ MSc (Physics) with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| 11 | सिविल अभियांत्रिकी/ कृषि अभियांत्रिकी/ जल विज्ञान<br>Civil Engineering/ Agriculture Engineering/ Hydrology | 01<br>(अना. UR) | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ सिविल अभियांत्रिकी/ कृषि अभियांत्रिकी/ जल विज्ञान सहित जल स्रोत अभियांत्रिकी अथवा मृदा/भू एवं जल अभियांत्रिकी अथवा सतह/भूजल जल विज्ञान में विशेषज्ञता या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.ई./ एम.टेक.<br>M.E. / M.Tech. in Civil Engineering/ Agricultural Engineering / Hydrology with specialization in Water resources Engineering or Soil/Land and Water Engineering or Surface/ Ground Water Hydrology or equivalent in the mentioned subject with an aggregate | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ सिविल अभियांत्रिकी/ कृषि अभियांत्रिकी या समकक्ष में बी.ई./बी.टेक.<br>B.E./B.Tech. in Civil/ Agricultural Engineering or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | |
| 12 | कृषि Agriculture | 06 (अना. UR) **[जिसमें से 05 रिक्तियां एनआरएससी में भरे जाने हेतु चिह्नित हैं Out of which 05 vacancies are to be filled up at NRSC]** | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ एग्रोनॉमी/ बागवानी/ कृषि सांख्यिकी/ कृषि भौतिकी/ कृषि मौसम विज्ञान या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.एससी.<br>M.Sc. in Agronomy / Horticulture/ Agricultural Statistics / Agricultural Physics / Agricultural Meteorology or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ कृषि विज्ञान या समकक्ष में बी.एससी./ बी.एससी. (ऑनर्स)<br>B.Sc/ B.Sc. (Hons.) in Agricultural Sciences or equivalent with an aggregate minimum of 60% marks or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |
| 13 | सांख्यिकी/ गणित/ अनुप्रयुक्त गणित Statistics/ Mathematics/ Applied Mathematics | 01 (अना. UR) | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ सांख्यिकी/ गणित/ अनुप्रयुक्त गणित या समकक्ष में एम.एससी.<br>M.Sc. in Statistics/ Mathematics/ Applied Mathematics or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ सांख्यिकी/ गणित/ अनुप्रयुक्त गणित या समकक्ष में बी.एससी.<br>B.Sc in Statistics/ Mathematics/ Applied Mathematics or equivalent with an aggregate minimum of 60% marks or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |
| 14 | भौतिक समुद्रविज्ञान Physical Oceanography | 01 (अना. UR) | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ भौतिकी/ गणित /भौतिक समुद्रविज्ञान/ समुद्र विज्ञान/ समुद्र एवं वायुमंडलीय विज्ञान या समकक्ष में एम.एससी.<br>M.Sc. in Physics/ Mathematics / Physical Oceanography/ Oceanography/ Oceanic Science/ Ocean and Atmospheric Sciences or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ भौतिकी/ गणित/ रसायनशास्त्र या समकक्ष में बी.एससी.<br>B.Sc in Physics/ Mathematics/ Chemistry or equivalent with an aggregate minimum of 60% marks or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |
| 15 | समुद्र जीवविज्ञान/ समुद्र विज्ञान Marine Biology/ Marine Science | 01 (अना. UR) | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ समुद्र जीवविज्ञान/ समुद्र जीवविज्ञान एवं समुद्रविज्ञान/ समुद्र जीवविज्ञान एवं मत्स्य पालन/ मत्स्य पालन विज्ञान या समकक्ष में एम.एससी.<br>M.Sc. in Marine Biology/ Marine Biology and Oceanography/ Marine Biology and Fisheries/ Fisheries Sciences or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all | कुल न्यूनतम 60% या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ बी.एससी.<br>B.Sc. with an aggregate minimum of 60% marks or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | |
| 16 | वायुमंडलीय विज्ञान एवं समुद्रविज्ञान<br>Atmospheric Science and Oceanography | 08<br>(अना.UR)<br>**(जिसमें से 05 रिक्तियां एनआरएससी में भरे जाने हेतु चिह्नित हैं Out of which 05 vacancies are identified to be filled up at NRSC)** | कुल न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ भौतिकी / वायुमंडलीय विज्ञान/ मौसम विज्ञान एवं संबंधित विशेषज्ञता/ भौतिक समुद्रविज्ञान/ समुद्रविज्ञान या उल्लिखित विषय के समकक्ष में एम.एससी.<br>M.Sc. in Physics/ Atmospheric Science/Meteorology and related specialization/ Physical Oceanography/ Oceanography or equivalent in the mentioned subject with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | कुल न्यूनतम 60% अंक या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ भौतिकी/ गणित या समकक्ष में बी.एससी.<br>B.Sc. with Physics/ Mathematics or equivalent with an aggregate minimum of 60% marks or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |

**संक्षिप्तियां:** अं.वि.- अंतरिक्ष विभाग, एनईसैक- उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, उमियम, एनआरएससी- राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, हैदराबाद, वीएसएससी- विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम

**Abbreviations**: DOS- Department of Space, NESAC- North Eastern Space Applications Centre, Umiam, NRSC – National Remote Sensing Centre, Hyderabad, VSSC – Vikram Sarabhai Space Centre, Thiruvananthapuram

## वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर PAY & LEVEL IN THE PAY MATRIX

**पद कोड – 04-16 के लिए: स्तर10 (₹56,100– ₹ 1,77,500)**
**FOR POST CODES – 04-16: LEVEL 10 (₹56,100– ₹ 1,77,500)**

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए.) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/एकीकृत पेंशन प्रणाली से अधिशासित होंगे। इसके अलावा अं.वि./केंद्र सरकार के आदेशानुसार, स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, क्वार्टरों की सुविधा (म.कि.भ. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम इत्यादि स्वीकार्य होंगे।

In addition, Dearness Allowances (DA), House Rent Allowances (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System/Unified Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per DOS/Central Government orders.

## आयु सीमा AGE LIMIT

| | |
|---|---|
| पद कोड- 04-11 (एम.ई./ एम.टेक.आधारित भर्ती के लिए)<br>Post Code 04-11 (For M.E./M.Tech based recruitment ) | 12.02.2026 को 18 – 30 वर्ष<br>18 – 30 years as on 12.02.2026 |
| पद कोड- 12-16 (एम.एससी. आधारित भर्ती के लिए)<br>Post Code 12-16 (For M.Sc. based recruitment) | 12.02.2026 को 18 – 28 वर्ष<br>18 – 28 years as on 12.02.2026 |

केंद्र सरकार के सेवारत कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) और भूतपूर्व सैनिक भारत सरकार के नियम/आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं।

Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities (PwBDs) and Ex-Serviceman etc. are eligible for upper age relaxation as per extant Govt. of India rules/orders.

पद के लिए कार्यात्मक आवश्यकताएं: सी.-सीटिंग; स्टैं.-स्टैंडिंग; अं.वि.-अंगुल विकार; प.ले.अ.-पठन व लेखन अशक्तता; दृ.वि.-दृष्टि विकार

Functional Requirement for the post: S – Sitting; ST – Standing; MF- Manipulation with Fingers; RW- Reading & Writing; SE- Seeing

## बेंचमार्क दिव्यांगों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण ब्यौरा
## RESERVATION DETAILS FOR PERSONS WITH BENCHMARK DISABILITIES (PwBD)

| | |
|---|---|
| पद कोड- 04-06 और 09-11<br>From Post Code – 04-06 and 09-11 | पद कोड 04-06 एवं 9-11 की कुल रिक्तियों में से सैक का 01 (एक) पद बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) – एलडी के लिए आरक्षित है **(बैकलॉग रिक्ति)**<br>पद कोड- 04, 05, 06, 09 एवं 10 हेतु विकलांगता की श्रेणी – (ए.पै.-एक पैर, म.प.-मस्तिष्क पक्षाघात, कु.उ.-कुष्ठरोग उपचारित, बौ.-बौनापन, ए.अ.पी.- एसिड अटैक पीड़ित) |

| | |
|---|---|
| | पद कोड- 11 हेतु विकलांगता की श्रेणी - (ए.भु.-एक भुजा, ए.पै.-एक पैर, म.प.-मस्तिष्क पक्षाघात, बौ.-बौनापन, ए.अ.पी.- एसिड अटैक पीड़ित)<br>Out of the total vacancies of Post Code 04-06 and 09-11, 01 (One) post of SAC is reserved for the PwBD- Locomotor Disability. **(Backlog Vacancy)**<br>Category of Disability suitable for post code 04, 05, 06, 09 and 10 - (OL, CP, LC, Dw, AAV) and Category of Disability suitable for Post Code – 11 – (OA, OL, CP, Dw, AAV). |
| पद कोड – 07 और 12-16<br>Post Code – 07 and 12-16 | पद कोड- 07 और 12-16 के लिए कुल रिक्तियों में से सैक का 01 (एक) पद बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) (अं.-अंधापन, अ.दृ.-अल्प दृष्टि) के लिए आरक्षित है।<br>Out of the total vacancies of Post Code 07 & 12-16, 01 (One) post of SAC is reserved for the PwBD (Blind, Low Vision). |
| पद कोड-12<br>Post Code - 12 | एनआरएससी की 05 रिक्तियों में से 01 (एक) पद बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) (अं.-अंधापन, अ.दृ.-अल्प दृष्टि) के लिए आरक्षित है।<br>Out of 05 vacancies of NRSC, 01 (One) post is reserved for PwBD (Blind, Low Vision) |

**संक्षिप्तियां**: एलडी- लोकोमोटर विकलांगता, ए.पै.-एक पैर, ए.भु.-एक भुजा, म.प.-मस्तिष्क पक्षाघात, कु.उ.-कुष्ठरोग उपचारित, बौ.-बौनापन, ए.अ.पी.- एसिड अटैक पीड़ित

**Abbreviations**: LD- Locomotor Disability, OL – One Leg, OA- One Arm, CP-Cerebral Palsy, LC- Leprosy Cured, Dw - Dwarfism, AAV- Acid Attack Victims

## ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश
## GENERAL GUIDELINES FOR FILLING THE ONLINE APPLICATION FORM

| | |
|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling online application form. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकड़े भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | पद कोड 04, 05 और 06 के लिए कुछ विषय/क्षेत्र के नाम समान हैं, तथापि अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य एवं पूर्व-आवश्यक अर्हता से संबंधित पद कोड के समक्ष ही प्रस्तुत करें।<br>Although name of some discipline/domain are common viz for post code 04, 05 and 06, the candidates are advised to submit their online application only against the post code corresponding to the Essential and Pre-requisite qualification. |
| 4. | पद कोड 07 के अंतर्गत कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी के क्षेत्र में रिक्तियां इसरो केंद्र/यूनिटों के लिए हैं जबकि पद कोड 08 के अंतर्गत कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी के क्षेत्र में रिक्ति एनईसैक (अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय) के लिए है। अतः इसरो केंद्र/यूनिटों की रिक्तियों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी पद कोड-07 के समक्ष आवेदन करें और एनईसैक (अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय) की रिक्ति के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी पद कोड-08 के समक्ष अलग से आवेदन प्रस्तुत करें।<br>The vacancies for the discipline of Computer Science Engineering under Post Code 07 is for ISRO Centres/Units whereas vacancy for the discipline of Computer Science Engineering under Post Code 08 is for NESAC (Autonomous body under Department of Space) therefore, candidates who intend to apply for vacancies in ISRO Centres/Units should apply against Post Code – 07 and candidates who intend to apply for vacancy in NESAC (Autonomous body under Department of Space) should apply against Post Code – 08 separately. |
| 5. | अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार, दो या दो से अधिक पदों के लिए एक साथ परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है।<br>Candidate can apply for more than one post. However, SAC reserves the right to conduct exam for two or more posts simultaneously, as per administrative exigency. |
| 6. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |

## आवेदन कैसे करें HOW TO APPLY

**ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन हेतु लिंक सैक वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in पर 23.01.2026 (1000 बजे) से 12.02.2026 (1700 बजे) तक उपलब्ध रहेगी।** आवेदन केवल ऑनलाइन मोड से ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद आवेदन को एक ऑनलाइन पंजीकरण नंबर प्रदान किया जाएगा, जिसे भविष्य में संदर्भ के लिए संभालकर रखा जाए। ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए बढ़ सकते हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि भविष्य में संदर्भ के लिए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट/स्क्रीनशॉट लेकर रखें। कृपया नोट करें कि **12.02.2026 को 1700 बजे** के बाद आवेदन सार की प्रिंटिंग के लिए साइट चालू नहीं रहेगी।

**The link for the application for on-line registration will be hosted in the SAC web-site https://www.sac.gov.in or https://careers.sac.gov.in during the period from 23.01.2026 (1000 Hrs) to 12.02.2026 (1700 Hrs).** Applications will be received through on-line mode only. Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future

reference. After completion of online registration, candidate can proceed for online application. The candidates are also advised to take a printout/screenshot of the online application for future reference. Please note that site will not be open for printing the application summary **after 1700 hours of 12.02.2026**.

कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद उसमें सुधार नहीं किया जा सकता। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले, यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में दर्ज सभी विवरण सही हैं।
It may be clearly noted that online application once submitted cannot be edited later. Hence, applicants are advised to verify whether all details entered in the application are correct before final submission of the application.

**आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में अपना ईमेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से प्रदान करना होगा (स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/ वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए ई-प्रवेशपत्र केवल ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे और कोई अलग हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।)**

**E-mail ID of the applicant will have to be provided in the on-line application correctly and compulsorily (e-Admit Card for Written Test/ Personal Interview for those who will be screened-in will be sent through e-mail only and no separate hard copy will be sent)**

## फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेज़ अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश : GUIDELINES FOR UPLOADING PHOTO, SIGNATURE AND DOCUMENTS:

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट इमेज/स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी, अन्यथा उनके आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे:
Candidates are required to upload clear images/scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:

- हाल ही में खींचा गया रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (6 माह से अधिक पुराना नहीं) केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, अधिकतम आकार 1MB और आयाम 500 पिक्सेल (चौड़ाई) * 500 पिक्सेल (ऊंचाई)
  Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1MB and dimensions of 500 pixels (width) * 500 pixels (height)
- हस्ताक्षर केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, 1mb के अधिकतम आकार और 700 पिक्सेल (चौड़ाई) * 200 पिक्सेल (ऊंचाई) के आयामों के साथ किए जाएं।
  Signature-in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1MB and dimensions of 700 pixels (width) * 200 pixels (height).
- सभी पूर्व आवश्यक/ अनिवार्य अर्हता के प्रमाण-पत्र 1MB के अधिकतम आकार के .pdf प्रारूप में अपलोड किए जाने चाहिए।
  All Pre-requisite/ Essential Qualification certificates should be uploaded in .pdf format of maximum size of 1MB.
- आवेदन शुल्क की पूर्ण वापसी के लिए यथालागू वैध जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) प्रमाण-पत्र, कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र/ भूतपूर्व सैनिकों के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र, अधिकतम 1MB के आकार के .pdf प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए (कोई भी एक प्रमाण-पत्र)।
  Valid Caste/Tribe Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) certificate., Discharge Certificate/NOC for Ex-Servicemen (ESM) as applicable for full refund of application Fee, should be uploaded in .pdf format with maximum size of 1MB (any one certificate).

(ऑनलाइन आवेदन भरते समय, अपलोड किए जाने वाले उपरोक्त दस्तावेजों को तैयार रखने की सलाह दी जाती है।)
(While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same.)

**नोट Note:**

- सेल्फी की अनुमति नहीं है। पूरा चेहरा सामने से दिखाई देना चाहिए। पृष्ठभूमि सादी/सफ़ेद होनी चाहिए। धुंधली तस्वीर या हाल ही में खींची गई रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर के अलावा अपलोड की गई किसी भी तस्वीर वाले आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। श्वेत-श्याम तस्वीरें स्वीकार्य नहीं हैं। इसी प्रकार, अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में इन आवश्यकताओं को पूरा न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
  No selfie is allowed. Frontal view of the full face should be visible. Background should be plain/white. Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph, such applications shall be summarily rejected. Black and white photographs not allowed. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.

- अपेक्षित दस्तावेज अपलोड किए बिना प्रस्तुत किया गया आवेदन अमान्य माना जाएगा।
  Application submitted without uploading the requisite documents will be treated as invalid.

## आवेदन शुल्क का भुगतान
## PAYMENT OF APPLICATION FEE

- व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षिक योग्यता जैसे सभी विवरण भरने और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद आवेदन जमा करें।
  After filling all the details like Personal Information, Educational Qualifications, uploading all the required documents etc. the application will be submitted.
- **पद कोड-07 (सैक/इसरो) तथा पद कोड-08 (एनईसैक) दोनों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को दो अलग आवेदन करने होंगे तथा शुल्क का भुगतान भी अलग करना होगा।**
  **Candidates who intend to apply against both the posts i.e. post code – 07 (SAC/ISRO) & post code – 08 (NESAC) will have to make two separate applications and have to make fee payment separately.**
- **एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए एक ही (समान) शहर का चयन करना चाहिए।**
  **Candidates applying for multiple posts should select common (same)city for the written test**.
- प्रारंभ में सभी आवेदकों को आवेदन शुल्क के रूप में **₹750/**- का समान रूप से भुगतान करना होगा। हालांकि, यदि आप लिखित परीक्षा में उपस्थित रहते हैं तो आप नीचे आवेदन शुल्क की वापसी में दर्शाए अनुसार रिफंड के लिए हकदार होंगे।
  Initially all applicants have to uniformly pay **₹750/**- as application-fee. However, if you appear in Written test you are entitled for refund as mentioned below under Refund of Application Fee.
- भुगतान पृष्ठ पर, विवरणों को सत्यापित करें और "Proceed" बटन पर क्लिक करें, "आपको भुगतान गेटवे पर पुनर्निर्देशित किया जा रहा है" संदेश के साथ एक संकेत दिखाई देगा, "**Ok**" बटन पर क्लिक करें।
  On payment page, verify the details and click on "Proceed" button, a prompt will be appeared with message "You are being redirected to payment gateway", Click on "**Ok**" button.
- अभ्यर्थी को भारतकोश भुगतान पोर्टल पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, सभी विवरणों को सत्यापित करने के बाद आगे बढ़ने के लिए "**Confirm**" बटन पर क्लिक करें।
  Candidate will be redirected to Bharatkosh payment portal, after verifying all details click on **"Confirm"** button to proceed.
- अगले पृष्ठ में, अभ्यर्थी एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस, आईसीआईसीआई आदि जैसे कई भुगतान एग्रीगेटर देख पाएंगे, अभ्यर्थी को नेट बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जैसे भुगतान के किसी भी मोड के साथ किसी भी एक भुगतान एग्रीगेटर को चुनना होगा, इसके बाद कैप्चा दर्ज करना होगा, घोषणा का चयन करना होगा और "**Pay**" बटन पर क्लिक करना होगा।
  In next page, candidate will be able to see multiple payment aggregator like HDFC, SBI, AXIS, ICICI etc., candidate has to choose any payment aggregator along with any mode of the payment like Net banking, UPI, Credit/Debit card, followed by entering captcha, select the declaration and click on "Pay" button.
- अभ्यर्थी को भुगतान क्रेडेंशियल्स दर्ज करने के लिए कहा जाएगा या भुगतान करने के लिए यूपीआई भुगतान अनुरोध प्राप्त होगा।
  Candidate will be prompted to enter payment credentials or will receive UPI payment request to make the payment.
- सफल भुगतान के बाद अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सफल भुगतान का एसएमएस प्राप्त होगा और उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भुगतान रसीद प्राप्त होगी।
  After successful payment candidate will receive successful payment SMS on their registered mobile number and will receive payment receipt on their registered Email id.
- यदि अभ्यर्थी के खाते से भुगतान डेबिट हो गया है, लेकिन पुष्टिकरण संदेश प्राप्त नहीं हुआ है, तो अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वह नया लेनदेन शुरू करने से पहले 24 घंटे तक प्रतीक्षा करें।
  Incase payment is debited from candidate's account but confirmation message not received, candidate is advised to wait for 24 hours before initiating new transaction.
- नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, आई. पी. ओ. आदि जैसे किसी भी रूप में आवेदन शुल्क के भुगतान की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।
  Payment of Application Fee in any form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) No other mode of payment will be accepted.
- आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए सभी लागू सेवा शुल्क आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे।
  All applicable service charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant.

| आवेदन शुल्क की वापसी<br>REFUND OF APPLICATION FEE |
|---|

मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों की शुल्क वापसी पर विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

Grant of refund will be considered only to such candidates who appear in the written test, as under: -

- आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों (महिला, अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिक) के लिए पूर्ण रिफंड किया जाएगा।
  Refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/PwBD/Ex-Servicemen).
- अन्य अभ्यर्थियों को ₹250 आवेदन शुल्क काटने के बाद, ₹500 वापस कर दिए जाएंगे।
  Other candidates will be refunded ₹500 after deducting the application fee of ₹250.
- अभ्यर्थियों को रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते का विवरण सही ढंग से दर्ज करना होगा। **कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उपस्थित नहीं होता है, तो रिफंड पर विचार नहीं किया जाएगा।**
  Candidates shall enter their Bank Account details correctly for receipt of refund. **Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test.**
- यदि अभ्यर्थी द्वारा गलत बैंक खाता विवरण दिए जाने के कारण उसे रिफंड राशि प्राप्त नहीं होती है तो सैक (इसरो) इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
  SAC (ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.

***नोटः आवेदन केवल एक बार सबमिट किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए सबमिट करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।***

